प्रेषक,

महानिदेशक (प्रशिक्षण),
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
(विज्ञापन प्रभाग),
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक : प्रशि0प्रको0 / जी0एन0एम0 / 2023 / लखनऊ : दिनांक 22 / 08 / 2023

विषय–उत्तर प्रदेश सामान्य उपचारिका (जी0एन0एम0) प्रशिक्षण विनियमन अनुदेश 2022 के क्रम में प्रशिक्षण हेतु शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों की अनन्तिम सूची की उपलब्धता के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सामान्य उपचारिका प्रशिक्षण विनियमन अनुदेश–2022 हेतु शासनादेश संख्या–123 / पांच–8–2022–एन(16) / 2014 टी0सी0 दिनांक 02.03.2022 के क्रम में दिनांक 01.07.2023 से दिनांक 31.07.2023 तक सामान्य उपचारिका (जी0एन0एम0) प्रशिक्षण–2023 के लिए ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों मे से शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों की अनन्तिम सूची के सम्बन्ध में प्रेस विज्ञप्ति प्रेषित की जानी है।

अतः उपरोक्त संदर्भित प्रेस विज्ञप्ति की पांच–पांच प्रतियां (हिन्दी, अंग्रेजी का आलेख एवं सी0डी0) इस पत्र के साथ संलग्न करते हुए अनुरोध है कि प्रदेश के तीन राष्ट्रीय स्तर के दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में प्रकाशित कराये जाने का कष्ट करें।

संलग्नक–प्रेस विज्ञप्ति की 05–05 प्रतियां हिन्दी / अंग्रेजी सी0डी0 सहित।

भवदीय,

महानिदेशक, (प्रशिक्षण)
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक : प्रशि0प्रको0 / जी0एन0एम0 / 2023 / 2153 तददिनांक।

प्रतिलिपिः– निदेशक (चिकित्सा उपचार), स्वास्थ्य भवन, लखनऊ को उपरोक्त पत्र की विज्ञप्ति की सूचना सहित इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि इसे विभागीय वेबसाईट पर तत्काल अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

महानिदेशक, (प्रशिक्षण)
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Scanned with OKEN Scanner

विभागीय वेबसाइट www.dgmhup.gov.in एवं पोर्टल पर अभ्यर्थियों हेतु जारी अनन्तिम सूची से सम्बंधित सूचना

- दिनांक 01.07.2023 से दिनांक 31.07.2023 तक सामान्य उपचारिका (जी0एन0एम0) प्रशिक्षण–2023 हेतु ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल पर आवेदन पत्र प्राप्त किये गये थे।
- प्राप्त हुए आवेदन पत्रों से मेरिट–क्षेणी के आधार पर 1359 शार्टलिस्टिड अभ्यर्थियों की अनन्तिम सूची आज दिनांक 22.08.2023 को प्रकाशित की गयी है, जिसमें शार्टलिस्टिड अभ्यर्थियों के सम्मुख कॉलम में उनकी मेरिट तथा स्टेट मेरिट रैंक का विवरण भी प्रदर्शित है।
- उपरोक्त के क्रम में अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे सूची में प्रदर्शित अपने विवरण का अवलोकन कर लें। शार्टलिस्टिड अभ्यर्थियों तथा अन्य आवेदनकर्ताओं को यदि कोई जिज्ञासा है तो admissiongnm@gmail.com पर दिनांक 27.08.2023 की सायं 05:00 बजे तक अवगत करा दें, जिसका संज्ञान लेते हुए नियमानुसार 453 अभ्यर्थियों की प्रशिक्षण केंद्रवार अन्तिम सूची जारी की जाएगी। उक्त निर्धारित समय में सूचना न प्राप्त होने पर इस विषय में आवेदनकर्ताओं का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- शार्टलिस्टिड दिव्यांग अभ्यर्थियों के उ0प्र0 स्टेट मेडिकल बोर्ड से लखनऊ में परीक्षण किये जाने की तिथि निर्धारण की कार्यवाही की जा रही है। स्टेट मेडिकल बोर्ड में उपस्थित होने हेतु सम्बंधित को निर्धारित तिथि से पृथक से उनके रजिस्टर्ड ई–मेल पर अवगत करा दिया जाएगा। प्रवेश हेतु प्रशिक्षण केंन्द्र स्तर पर मूल अभिलेख सत्यापन के समय दिव्यांग अभ्यर्थियों को यह प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

महानिदेशक (प्रशिक्षण),
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
उत्तर प्रदेश।

G:\gnm 2023\LETTERS.docx

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालयः महानिदेशक प्रशिक्षण (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) उत्तर प्रदेश।

पत्रांक : प्रशि0प्रको0 / जी0एन0एम0 / प्रशिक्षण / 2023 / 2151 लखनऊ : दिनांक 22 / 08 / 2023

—: प्रेस विज्ञप्ति :—

शासनादेश संख्या—123 / पांच—8—2022—एन(16) / 2014 टी0सी0 दिनांक 02.03.2022 सामान्य उपचारिका प्रशिक्षण विनियमन अनुदेश—2022 के क्रम में सामान्य उपचारिका (जी0एन0एम0) प्रशिक्षण 2023 के लिए दिनांक 01.07.2023 से दिनांक 31.07.2023 तक किये गये ऑनलाइन आवेदन के आवेदनकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों मे से शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों की अनन्तिम सूची दिशा—निर्देश सहित विभागीय वेबसाइट www.dgmhup.gov.in एवं पोर्टल पर उपलब्ध है।

महानिदेशक (प्रशिक्षण),
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
उत्तर प्रदेश।

G:\gnm 2023\LETTERS.docx

Scanned with OKEN Scanner

Office of the Director General Training, (Medical Health & Family Welfare), Uttar Pradesh, Lucknow

Letter No. : Training Cell/GNM/Training/2023/ 2151 Lucknow, Date 22 /08/2023

-: Press Release :-

As per Samanya Upcharika Prashikshan Viniyaman Anudesh 2022, Government Order no:123/पांच–8–2022–एन(16)/2014 टी0सी0 dated 02.03.2022, Applicants who applied online through portal for General Nurse Midwifery (GNM) Training-2023 from 01.07.2023 to 31.07.2023 are informed that the Provisional List of shortlisted candidates from the online received applications along with guidelines is available on the department website www.dgmhup.gov.in.

Director General Training
(Medical Health & Family Welfare)
Uttar Pradesh

Scanned with OKEN Scanner